
# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 02/12/2020

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Bhaskar, Jamshedpur (JKD)**

रैफ बटालियन 106 का स्थापना दिवस

# 19 सर्वश्रेष्ठ रैफ कर्मियों को किया गया सम्मानित



गार्ड ऑफ ऑनर देते रैफ जवान।

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

सुंदरनगर स्थित रैफ बटालियन 106 के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को सेकेंड कमांडेंट विनोद कुमार, डिप्टी कमांडेंट पीके मिश्रा व धिरेन कुमार मोहंती और अन्य अधिकारियों और जवानों की उपस्थिति में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सबसे पहले सेकेंड कमांडेंट विनोद कुमार ने क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली और जवानों को स्थापना दिवस की बधाई देकर मनोबल बढ़ाया। इसके बाद सुबह साढ़े आठ बजे कैंप एरिया में पौधरोपण कर प्रकृति के साथ संतुलन बनाने का एक प्रयास किया गया। वहीं 10 बजे सैनिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें सेकेंड कमांडेंट ने वर्ष 2020 में किए गए कार्यों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही वर्ष 2020 के दौरान चुने गए 19 सर्वश्रेष्ठ कर्मिकों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## रैफ जवानों के बीच अंतर कंपनी वॉलीबाल मैच

सुबह 11 बजे बटालियन के डॉ. अमूल्या कुजूर( सीएमओ, एजजी) और डॉ. लॉरिंस बांडो (सीएमओ, एजजी) सीआरपीएफ जमशेदपुर ने विश्व एड्स दिवस पर अधिकारियों और जवानों को जागरूक किया और इससे बचने के उपाय बताए। वहीं शाम में जवानों के मनोरंजन व शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अंतर कंपनी वॉलीबाल मैच का आयोजन हुआ। इसमें विजेता टीम को सम्मानित किया गया। इसके बाद देर शाम जवानों ने लजीज खाने का लुत्फ उठाया।

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

# रैफ106 बटालियन ने किया पौधरोपण



**नरवा** : सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार के मार्ग दर्शन एवं उप कमांडेंट पीके मिश्रा के नेतृत्व एवं उप कमांडेंट धीरेन कुमार मोहंती सहायक कमांडेंट आरएम मल्लिक एवं अन्य अधिकारियों के संयुक्त सहयोग से रैफ 106 बीएन का स्थापना दिवस मनाया गया. इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया.

**Hindustan, Jamshedpur (JKD)**



# रैफ का स्थापना दिवस

सुंदरनगर कैंप में मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स की बटालियन 106 का स्थापना दिवस मनाया गया। सुबह आठ बजे कमान अधिकारी विनोद कुमार ने गार्ड की सलामी ली। इसके बाद कैंप एरिया में पौधारोपण किया गया। फिर सैनिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें 19 सर्वश्रेष्ठ जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शाम में मनोरंजन और अन्य खेल का आयोजन किया गया। मौके पर रैफ के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार, उप कमांडेंट पीके मिश्रा, धीरेन कुमार मोहंती, सहायक कमांडेंट आरएन मलिक, डॉ. अमूल्य कुजुर, लॉरेंस बांडो, बटालियन के अधिकारी और जवान मौजूद थे।

Dainik Jagran, Prayagraj

# आरएएफ जवानों व परिवार को किया गया जागरूक

## विश्व एड्स दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**जासं, प्रयागराज :** विश्व एड्स दिवस पर 101 रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से मंगलवार को शांतिपुरम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय कावाध्यक्ष सुनीता निगम ने किया।

वाहिनी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुंदन कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों, कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को एड्स के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही एड्स से रोकथाम के बारे में भी बताया गया। कमांडेंट आरके निगम ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम होता रहेगा। इस अवसर पर अमित शर्मा, कमलेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

**जारी हुआ स्पेशल डाक कैंसिलेशन** : प्रधान डाकघर में डाक विभाग द्वारा वर्ल्ड एड्स डे पर एक स्पेशल कैंसिलेशन जारी किया गया। मुख्य अतिथि संजय डी. अखाड़े ने इसे जारी किया। उन्होंने कहा कि एड्स से कैसे बचा जाए उसका संदेश कैंसिलेशन द्वारा डाक विभाग के माध्यम से लोगों के बीच में जाएगा। इसमें डॉ. मनीषी बंसल, जनसंपर्क निरीक्षक राजेश वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं एम. गुलरेज, सचिव संगम फिलेटलिक क्लब इलाहाबाद राहुल गांगुली, हमजा रीसाद सरकार, अशोक मित्तल, उमेंद्र जैन, मोहम्मद शारिक व अन्य रहे।

**एड्स से बचाव की दी जानकारी :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर नोडल अधिकारी निशा झा की अध्यक्षता में तहसील सदर में विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हिना कोसर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) द्वारा एड्स दिवस पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि एड्स लाइलाज बीमारी है, किंतु कुछ सावधानियों से इससे बचा जा सकता है। हिना कोसर ने कहा कि एड्स छूने से नहीं होता है। किसी से हाथ मिलाने से नहीं होता है, लेकिन इंजेक्शन या ब्लड को लेते समय ब्लड की जांच कराना आवश्यक है, क्योंकि इससे एड्स फैलता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव चंद्रमणि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में भी कराए जाएं, जिससे लोगों को जागरूक किया जा सके। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र श्रीवास्तव किया। नायब नाजिर सियाराम सरोज ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**गोष्ठी में किया जागरूकता: फाफामऊ** : 101 आरएएफ बटालियन परिसर में मंगलवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता गोष्ठी हुई। कावा समिति की अध्यक्ष सुनीता निगम ने फीता काटकर किया शुभारंभ किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए 101 आरएएफ बटालियन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुंदन सिंह ने एड्स से बचाव और उससे जुड़ी जानकारियां विस्तृत रूप से लोगों में साझा कीं। उन्होंने कहा कि एड्स ऐसी बीमारी है जिसमें लोगों की संक्रमण से लड़ने की शरीर की क्षमता पर प्रभाव पड़ता है। वर्षों बाद भी एड्स का कोई प्रभावी इलाज नहीं है। इस मौके पर अमित शर्मा, कमलेश पांडेय सहित आरएएफ के जवान मौजूद रहे।

### शिविर लगाकर किया रक्तदान

**संसू, नैनी :** विश्व एड्स दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया गया। साथ ही इससे बचने के लिए लोगों को जागरूक भी किया गया। शुआट्स में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने काल्विन अस्पताल के सहयोग से रक्तदान किया। डॉ. दीपक लाल ने कहा कि रक्तदान से हम अपनों की जान बचा सकते हैं। इस दौरान कुल 20 यूनिट रक्तदान हुआ। डॉ. सत्यम कुमार केसरी, डॉ. डीके बोस, शालिनी, धर्मेन्द्र, डॉ. केसी गुप्ता, डॉ. सुशील तिवारी आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा का किया गया शुभारंभ



101 रैपिड एक्शन फोर्स शांतिपुरम परिसर में स्वच्छता पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर स्वच्छता का संकल्प लेते जवान ● साभार- आरएएफ

101 रैपिड एक्शन फोर्स परिसर में मंगलवार से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कमांडेंट आरके निगम ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में हम सबको बढ़-चढ़ कर भागीदारी करनी चाहिए। अपने आसपास स्वच्छता का माहौल रखना चाहिए। इस दौरान जवानों को स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया गया।

Hindustan, Prayagraj

# आरएएफ-101 ने स्वच्छता पखवाड़ा का किया शुभारंभ

फाफामऊ | हिन्दुस्तान संवाद

शांतिपुरम फाफामऊ स्थित 101 बटालियन आरएएफ ने मंगलवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाहिनी के कमांडेंट आरके निगम ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को हम सब को मिलकर आगे बढ़ाना होगा। अपने आसपास साफ सफाई करके साफ सुथरा माहौल बनाना चाहिए। कमांडेंट ने आरएएफ कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी केके सिंह, अमित शर्मा कमांडेंट, कमलेश पांडेय सहायक कमांडेंट मौजूद रहे। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक किया गया। सीआरपीएफ ग्रुप सेन्टर में एक दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। सीआरपीएफ के डीआईजी ने जवानों और अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीआईजी मनीष कुमार सच्चर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वच्छता को प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का केन्द्र बिन्दु मानते थे। हर व्यक्ति को साल में कम से कम 100 घंटे, सप्ताह में दो घंटे अपने आसपास और सर्वजनिक क्षेत्रों की साफ सफाई करनी चाहिए। सामूहिक स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह में कमाण्डेंट तपन कुमार, विनय शंकर शुक्ला शामिल रहे।

**Inext, Prayagraj**



आरएएफ शान्तिपुरम कैम्पस में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में रोग के प्रति अलर्ट रहने का संकल्प लेते जवान.



शुआट्स में ब्लड ड

# 'इंजेक्शन व ब्लड लेते समय रहें अलर्ट'

**विश्व एड्स दिवस पर तहसीलों, ब्लाकों सहित कॉलेजों एवं अन्य विभागों में हुए अवेयरनेस कार्यक्रम**

prayagraj@inext.co.in

**PRAYAGRAJ (1Dec):** विश्व एड्स दिवस पर मंगलवार को जिले में कई अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किये गये. सदर तहसील में विनोद कुमार तृतीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार श्रीमती निशा झा नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें सुश्री हिना कौसर सिविल जज (जुनियर डिविजन) ने कहा कि एड्स छूने व किसी से हाथ मिलाने से नहीं होता है, लेकिन इंजेक्शन या ब्लड को लेते समय ब्लड की जांच कराना आवश्यक है, क्योंकि इससे एड्स फैलता है. कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिवक्ता राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि एड्स से बचाव की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में भी कराई जानी चाहिए.

## 194 की हुई एचआईवी जांच

'वैश्विक एकजुटता साझा जिम्मेदारी' पर आधारित जन जागरुकता स्टाल का आयोजन जनपद के रूरल एरिया में किया गया. ब्लाक सैदाबाद ग्राम गढ़वा व बाहकपुर, ब्लाक उरुवा ग्राम निबहिया, ब्लाक करछना ग्राम वीरपुर में एचआईवी, गुप्तरोग, स्वैच्छिक रक्तदान, टीबी एवं कोविड-19 को लेकर अवेयर करने के साथ जांच भी की गई. इस दौरान 194 लोगों की एचआईवी, 134 लोगों की कोविड एवं 74 लोगों की टीबी जांच की गई.

## गोष्ठी का हुआ आयोजन

आरएएफ शान्तिपुरम स्थित कैम्प परिसर मे विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी का शुभारम्भ क्षेत्रीय कावाध्यक्ष श्रीमती सुनीता निगम द्वारा किया. वाहिनी के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुंदन कुमार सिंह ने सभी अधिकारियो, कार्मिको को एड्स के रोकथाम के लिए जानकारी दी. उक्त अवसर पर अमित शर्मा, कमलेश पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF






**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**